पेपर सील खोले बगैर इस तरफ से उत्तर शीट को बाहर निकालें ।
**Without opening the Paper seal take out Answer Sheet from this side.**

**परीक्षा का वर्ष : 2023**

# SIN-I

**प्रश्न-पुस्तिका**

**अपना अनुक्रमांक सामने अंकों में बॉक्स के अन्दर लिखें**

**शब्दों में**

**प्रश्न-पुस्तिका शृंखला**

**A**

## प्रश्नपत्र – I
## सामान्य हिन्दी
## General Hindi

**समय : 02:00 घंटे** | **Time : 02:00 Hours**
**पूर्णांक : 100** | **Maximum Marks : 100**

**प्रश्नों के उत्तर देने से पहले नीचे लिखे अनुदेशों को ध्यान से पढ़ लें ।**

### महत्त्वपूर्ण निर्देश

1. प्रश्न-पुस्तिका के कवर पेज पर अनुक्रमांक के अतिरिक्त कुछ न लिखें ।
2. **अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक, विषय-कोड एवं प्रश्न-पुस्तिका की सीरीज का अंकन OMR Sheet में निर्दिष्ट कॉलम में सही-सही करें, अन्यथा उत्तर-पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।**
3. **अभ्यर्थी रफ कार्य हेतु प्रश्न-पुस्तिका (बुकलेट) के अन्त में दिये गये पृष्ठों का ही केवल उपयोग करें । अलग से इस हेतु वर्किंग शीट उपलब्ध नहीं करायी जायेगी । अभ्यर्थी प्रश्न-पुस्तिका के अंदर रफ कार्य के अतिरिक्त कुछ भी न लिखें ।**
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में **100 प्रश्न (वस्तुनिष्ठ प्रकार)** हैं । प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर, प्रश्न के नीचे (a), (b), (c) एवं (d) दिये गये हैं । इन चारों में से केवल एक ही सही उत्तर है । जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, उत्तर-पत्रक (ओ.एम.आर. आंसर शीट) में उसके अक्षर वाले वृत्त को **काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा काला/नीला कर दें ।**
5. प्रश्न-पुस्तिका में अंकित सभी प्रश्न अनिवार्य हैं और प्रत्येक प्रश्न के समान अंक हैं । आपके जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक दिये जायेंगे ।
6. आयोग द्वारा आयोजित की जाने वाली वस्तुनिष्ठ प्रकृति की परीक्षाओं में ऋणात्मक मूल्यांकन (Negative Marking) पद्धति अपनायी जायेगी । अभ्यर्थी द्वारा प्रत्येक प्रश्न हेतु दिए गए गलत उत्तर के लिए या अभ्यर्थी द्वारा एक प्रश्न के एक से अधिक उत्तर देने के लिए (चाहे दिए गए उत्तर में से एक सही ही क्यों न हो), उस प्रश्न के लिए निर्धारित अंकों का **एक-चौथाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा । दण्ड स्वरूप प्राप्त अंकों के योग को कुल प्राप्तांक में से घटाया जाएगा ।
7. अपने उत्तर आपको अलग से दिये गये ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में अंकित करने हैं । **आपके द्वारा सभी उत्तर केवल ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर ही दिया जाना अनिवार्य है ।** ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक के अतिरिक्त अन्य कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा ।
8. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर कुछ लिखने के पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक में वांछित सूचनाओं को अभ्यर्थी द्वारा परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व भरा जाना अनिवार्य है ।
9. **ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक तीन प्रतियों (मूल प्रति, कार्यालय प्रति एवं अभ्यर्थी प्रति) में है । परीक्षा समाप्ति के उपरान्त अभ्यर्थी ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की मूल प्रति एवं कार्यालय प्रति अन्तरीक्षक (Invigilator) को हस्तगत करने के उपरान्त ही कक्ष छोड़े, अन्यथा की स्थिति में आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी । ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक की अभ्यर्थी प्रति, अभ्यर्थी अपने साथ ले जा सकते हैं ।**
10. यदि आपने इन अनुदेशों को पढ़ लिया है, इस पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अंकित कर दिया है और ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर वांछित सूचनायें भर दी हैं, तो तब तक प्रतीक्षा करें, जब तक आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने को नहीं कहा जाता ।
11. ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) का मूल्यांकन ओ.एम.आर. आंसर शीट पर अभ्यर्थी द्वारा अंकित सीरीज कोड (A, B, C, D) के आधार पर ही किया जायेगा ।
12. प्रश्न-पुस्तिका (Question Booklet) में से ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक (O.M.R. Answer Sheet) निकालने के पश्चात् ओ.एम.आर. उत्तर-पत्रक पर प्रश्न-पुस्तिका क्रमांक एवं प्रश्न-पुस्तिका के सीरीज कोड (A, B, C, D) की प्रविष्टि सावधानीपूर्वक करें । यदि उक्तानुसार कार्यवाही नहीं की जाती है, तो उसके लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**जब तक कहा न जाय इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें ।**

महत्त्वपूर्ण : **प्रश्न-पुस्तिका खोलने पर तुरन्त जाँच कर देख लें कि प्रश्न-पुस्तिका के सभी पेज भली-भाँति छपे हुए हैं । यदि प्रश्न-पुस्तिका सीलबंद न हो अथवा कोई अन्य कमी हो, तो अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज की दूसरी प्रश्न-पुस्तिका प्राप्त कर लें ।**

1. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द देशज नहीं है ?
(a) खटपट (b) तेंदुआ (c) गड़बड़ (d) मज़हब

2. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(a) इतना (b) मयंक (c) आधा (d) अमूल्य

3. निम्नांकित शब्दों में से कौन सा शब्द तुर्की भाषा का नहीं है ?
(a) तमगा (b) कटोरा (c) चेचक (d) उर्दू

4. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अरबी भाषा का नहीं है ?
(a) जहाज (b) मुहावरा (c) पिस्तौल (d) मौलवी

5. इनमें से कौन सा शब्द पुर्तगाली भाषा से सम्बन्धित है ?
(a) संतरा (b) बारूद (c) टिकट (d) अंजीर

6. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द देशज नहीं हैं ?
(a) लोटा (b) डिबिया (c) कंपन (d) खिचड़ी

7. 'गंगाजल' में कौन सा समास है ?
(a) कर्मधारय (b) द्विगु (c) बहुव्रीहि (d) तत्पुरुष

8. 'त्रिभुवन' समस्त पद में कौन सा समास है ?
(a) कर्मधारय (b) द्विगु (c) तत्पुरुष (d) बहुव्रीहि

9. 'आजन्म' में कौन सा समास है ?
(a) अव्ययीभाव (b) तत्पुरुष (c) कर्मधारय (d) बहुव्रीहि

10. 'एकैक' शब्द में कौन सी सन्धि है ?
(a) गुण सन्धि (b) वृद्धि सन्धि (c) यण् सन्धि (d) दीर्घ सन्धि

11. 'व्यंजन सन्धि' का उदाहरण है
(a) सदैव (b) अत्यैश्वर्य (c) दध्योदन (d) ऋग्वेद

12. 'अन्वेषण' शब्द में उपसर्ग है
(a) अन (b) अन् (c) अनु (d) अ

13. किस शब्द में 'अ' उपसर्ग है ?
(a) अवचेतन (b) अथक (c) औगुन (d) अधकच्चा

14. 'उन्नति' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है
(a) उत् (b) उन् (c) उ (d) उन्न

15. 'मुस्कुराहट' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?
(a) हट (b) अहट (c) आहट (d) अट

16. निम्नलिखित में से किस शब्द में 'आस' प्रत्यय नहीं है ?
(a) मिठास (b) भड़ास (c) निरास (d) खटास

17. 'हलाहल' का विलोम शब्द है
(a) जल (b) अमृत (c) नदी (d) समुद्र

18. 'मंगल' का विलोम शब्द है
(a) बुध (b) सोम (c) अमंगल (d) रवि

19. 'अरविन्द' का पर्यायवाची शब्द है
(a) गुलाब (b) राजीव (c) गेंदा (d) चम्पा

20. ‘मन्मथ’ का पर्यायवाची शब्द है
(a) इन्द्र (b) चन्द्र (c) सूर्य (d) मार

21. ‘यक्षराज’ का पर्यायवाची शब्द है
(a) इन्द्र (b) सेनापति (c) कुबेर (d) घोड़ा

22. ‘सुरसरि’ का पर्यायवाची शब्द है
(a) गोदावरी (b) नर्मदा (c) यमुना (d) देवापगा

23. ‘तामसिक’ का विलोम शब्द है
(a) नास्तिक (b) आस्तिक (c) सात्त्विक (d) कर्मठ

24. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भिन्नार्थक है ?
(a) अनुकरण (b) अनुसरण (c) अनुगमन (d) अनुकूल

25. ‘बर्बर’ शब्द का विलोम है
(a) सभ्य (b) दुरात्मा (c) कुरूप (d) कायर

26. ‘अशन’ का विलोम शब्द है
(a) शान्त (b) अनशन (c) व्यापक (d) शक्त

27. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थक है ?
(a) कमल (b) प्रह्लाद (c) कमीज़ (d) अम्बर

28. ‘अंश और अंस’ शब्द-युग्म के सही अर्थ का चयन कीजिए ।
(a) शक्की-आलसी (b) उदास-शक्की (c) हिस्सा-कंधा (d) शाक्त-शक्ति

29. तत्सम-तद्भव के गलत शब्द-युग्म का चयन कीजिए :
(a) एकत्र-इकट्ठा (b) आदित्यवार-शनिवार (c) उद्घाटन-उघाड़ना (d) आषाढ़-असाढ़

30. निम्नलिखित में से अनेकार्थक शब्द नहीं है :
(a) अपरुष (b) अक्ष (c) अरुण (d) अक्षर

31. निम्न में से श्रुतिसम-भिन्नार्थी शब्द है :
(a) अनुचर – नौकर (b) सावधि – निरवधि (c) अविराम – निरंतर (d) अनिल – अनल

32. ‘बिना थके हुए’ तथा ‘जो कहा नहीं जाए’ के लिए सही शब्द-युग्म है
(a) अरि-अरी (b) अथक-अकथ (c) अवधि-अवधी (d) आदि-आदी

33. श्रुतिसम-भिन्नार्थक शब्द-युग्म नहीं है
(a) अतुल-मतुल (b) अनु-अणु (c) अंत-अंत्य (d) असन-अशन

34. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अनेकार्थक है ?
(a) मैदा (b) पुस्तक (c) पक्ष (d) कृपा

35. निम्नलिखित में से अनेकार्थक शब्द नहीं है :
(a) अंक (b) पत्र (c) गुलाब (d) वर्ण

36. निम्नलिखित में ‘संकर’ शब्द का एक अर्थ नहीं है :
(a) मिला हुआ (b) संयम (c) एक उभयालंकार (d) दोगला

37. ‘जो मापा न जा सके’ वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) अपरिमेय (b) अप्रमेय (c) असीम (d) अनुपमेय

38. ‘किसी कार्य को करने की इच्छा’ – इस वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) चिकीषा (b) जिगीषा (c) जिघांसा (d) चिकीर्षा

39. 'जो खाने योग्य न हो'– वाक्यांश के लिए एक शब्द है
(a) विषाक्त (b) कसैला (c) अखाद्य (d) कड़वा

40. 'जो मारे जाने योग्य न हो' – वाक्यांश का अर्थ है
(a) अमर (b) अबध्य (c) अजर (d) अनादि

41. 'प्रमेय' का सही अर्थ है
(a) जो प्रमाण से सिद्ध हो सके ।
(b) जो नेत्रों के सामने हो ।
(c) जो स्वतः प्रमाण हो ।
(d) जिसके लिए प्रमाण की आवश्यकता न हो ।

42. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी के शब्द का चयन कीजिए :
(a) आधीन (b) पिताम्बर (c) साप्ताहिक (d) सन्यासी

43. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी के शब्द का चयन कीजिए :
(a) उज्जवल (b) कवियित्री (c) अभ्यस्थ (d) स्वास्थ्य

44. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) यह तो नई प्रकार की वस्तु है ।
(b) वे तीन बहनें हैं ।
(c) आपके भाइयों का नाम क्या है ?
(d) मेरे को दिल्ली जाना है ।

45. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) श्रीकृष्ण के अनेकों नाम हैं ।
(b) श्रीकृष्ण के अनेक नाम हैं ।
(c) श्रीकृष्ण के नाम अनेकों हैं ।
(d) श्रीकृष्ण अनेकों नाम के हैं ।

46. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
(a) अत्याधिक (b) मिष्ठान्न (c) अकस्मात् (d) संसारिक

47. वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध शब्द है
(a) सृष्टि (b) वहिरंग (c) श्रृंगार (d) मान्यनीय

48. कौन सा शब्द वर्तनी की दृष्टि से अशुद्ध है ?
(a) प्रज्वलित (b) तृतीय (c) आक्रमण (d) तृकोण

49. निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :
(a) उस पर क्या दोष दिया जाए ।
(b) मुझे साँप का डर लगता है ।
(c) मैंने साड़ी को धुलवाया ।
(d) आप भीतर बैठ जाएँ ।

50. निम्नलिखित में से अशुद्ध वाक्य है :
(a) इस कहानी को मनोयोग से पढ़ा जाए ।
(b) दिल्ली में चार गिरफ्तारियाँ हुईं ।
(c) इस समय चार बजा है ।
(d) उसने सबसे यही बात कही ।

51. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :
(a) यह लड़का मोटर चला सकता है ।
(b) कोलम्बस ने अमेरिका का आविष्कार किया ।
(c) हम अपनी माँगें प्रस्तुत करते हैं ।
(d) परमाणु बम से लाखों आदमी नष्ट हो जाते हैं ।

52. निम्नलिखित में से किस लोकोक्ति का अर्थ 'व्यर्थ आडम्बर' है ?
(a) आँख एक नहीं कजरौटा दस–दस
(b) आँख सुख कलेजे ठंडक
(c) आँख बची माल दोस्तों का
(d) आँख ओट पहाड़ ओट

53. निम्नलिखित में से किस मुहावरे का अर्थ है – 'दान कोई करे, कुढ़न किसी को हो' ?
(a) तेल देखों तेल की धार देखो
(b) तेल तिलों से ही निकलता है
(c) तेली का तेल जले, मशालची का दिल जले
(d) तेल न मिठाई, चूल्हे धरी कड़ाही

**54.** निम्नलिखित में से 'मुहावरा' नहीं है :
(a) आँखों में सरसों फूलना
(b) आँखों में खून उतरना
(c) आँखों में धूल झोंकना
(d) आँख का अन्धा नाम नयनसुख

**55.** निम्नलिखित में से 'अनमेल अथवा बेमेल काम' के भाव को व्यक्त करने वाली लोकोक्ति है :
(a) लाल गुदड़ी में नहीं छिपते
(b) ढाक के वही तीन पात
(c) हँसुए के व्याह में खुरपे का गीत
(d) झूठ के पाँव नहीं होते

**56.** 'दाल-भात में मूसलचन्द' – लोकोक्ति का भावार्थ है :
(a) किसी पर बोझ बनकर रहना ।
(b) बिना मतलब के दखल देना ।
(c) एहसान फरामोशी करना ।
(d) सीमित क्षेत्र तक पहुँच ।

**57.** 'डेढ़ चावल की खिचड़ी पकाना' मुहावरे का भावार्थ है
(a) भिन्न विचार रखना ।
(b) समान विचार रखना ।
(c) विचारों का सम्मान करना ।
(d) एकता का भाव रखना ।

**58.** 'तीर न कमान, काहे के पठान' – लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है
(a) तीर-कमान का न होना ।
(b) झूठी शेखी मारने वाला ।
(c) सदा अपनी प्रशंसा करने वाला ।
(d) अपने को सर्वोपरि मानने वाला ।

**59.** 'न ऊधो का लेना, न माधो का देना' – लोकोक्ति का भावार्थ है
(a) परस्पर कटु सम्बन्ध रखना ।
(b) परस्पर मधुर सम्बन्ध रखना ।
(c) कोई सम्बन्ध न रखना ।
(d) परस्पर कोई लेन-देन न करना ।

**60.** 'छटाँक चून चौबारे रसोई' – लोकोक्ति का भावार्थ है
(a) बहुत अधिक खाना ।
(b) लाभ के लिए कार्य करना ।
(c) सब कुछ मिल जाना ।
(d) मिथ्या दिखावा और शान बघारना

**61.** 'चाँदी का जूता' – मुहावरे का सही अर्थ है
(a) धनवान व्यक्ति
(b) घूस में मिला धन
(c) अत्यधिक कीमती जूता
(d) बहुत सुन्दर और आकर्षक

**62.** 'विराम-चिह्न' के सम्बन्ध में असत्य कथन का चयन कीजिए ।
(a) विराम-चिह्नों के प्रयोग से लम्बे वाक्यों का अर्थ समझना कठिन हो जाता है ।
(b) विराम-चिह्नों के प्रयोग से वाक्य के अर्थ में स्पष्टता आती है ।
(c) विराम-चिह्नों से सही बलाघात और अनुतान में सहायता मिलती है ।
(d) उच्चारण की दृष्टि से भी विराम-चिह्न आवश्यक हैं ।

**63.** निम्नलिखित में से अर्द्ध-विराम का सूचक चिह्न है :
(a) ( । )
(b) ( , )
(c) ( ; )
(d) ( : )

**64.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अल्पविराम का सही प्रयोग हुआ है ?
(a) प्रिय, महोदय मैं आपका आभारी हूँ ।
(b) प्रिय महोदय मैं, आपका आभारी हूँ ।
(c) प्रिय महोदय मैं आपका, आभारी हूँ ।
(d) प्रिय महोदय, मैं आपका आभारी हूँ ।

**65.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में अल्पविराम का सही प्रयोग हुआ है ?
(a) क्रोध, चाहे जैसा भी हो, मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।
(b) क्रोध चाहे जैसा भी हो, मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।
(c) क्रोध चाहे, जैसा भी हो, मनुष्य को दुर्बल बनाता है ।
(d) क्रोध चाहे जैसा भी हो, मनुष्य को, दुर्बल बनाता है ।

**66.** निम्नलिखित में से कौन सा विराम-चिह्न हंस पद कहलाता है ?
(a) ‘ ’ (b) ⅄ (c) ……… (d) ?

**67.** निम्नलिखित में से सकर्मक क्रिया वाले वाक्य का चयन कीजिए :
(a) मोर नाचता है । (b) मोहन हँसता है ।
(c) अनुराग ने फल खरीदे । (d) राधा गाती है ।

**68.** ‘वृक्ष से फल गिरते हैं’ – इस वाक्य में कौन सा कारक है ?
(a) अपादान कारक (b) करण कारक (c) सम्बन्ध कारक (d) अधिकरण कारक

**69.** निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा है :
(a) घोड़ा (b) गर्मी (c) बहन (d) गिरोह

**70.** निम्नलिखित में से पुल्लिंग शब्द है :
(a) खिड़की (b) नदी (c) घाटी (d) अंचल

**71.** ‘मैंने अपनी पुस्तक पढ़ी’ – इस वाक्य में कौन सा काल है ?
(a) सामान्य भूतकाल (b) आसन्न भूतकाल (c) अपूर्ण भूतकाल (d) संदिग्ध भूतकाल

**72.** ‘पुल्लिंग-स्त्रीलिंग’ का कौन सा युग्म गलत है ?
(a) नायक-नायिका (b) नौकर-नौकरानी (c) कान्त-कान्ता (d) लम्बा-चौड़ा

**73.** निम्नलिखित में से आज्ञार्थक क्रिया वाला वाक्य है :
(a) नौकर आता है । (b) तुम घर जाओ ।
(c) विश्व का कल्याण हो । (d) सत्य की विजय होती है ।

**74.** निम्नलिखित में से अनिश्चय-वाचक सर्वनाम है :
(a) यह (b) क्या (c) कोई (d) आप

**75.** इनमें से किस शब्द का प्रयोग हमेशा बहुवचन में होता है ?
(a) नदी (b) लड़का (c) घोड़ा (d) प्राण

**76.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द स्त्रीलिंग नहीं है ?
(a) पंचायत (b) ओठ (c) पहचान (d) बन्दूक

**77.** ‘सवा सेर गेहूँ’ – में कौन सा विशेषण है ?
(a) संख्यावाचक विशेषण (b) गुणवाचक विशेषण
(c) सार्वनामिक विशेषण (d) विधेय-विशेषण

**78.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य कर्मकारक से सम्बन्धित नहीं है ?
(a) उसने शैलजा को पढ़ाया । (b) प्रणव ने चोर को पकड़ा ।
(c) श्याम गेंद से खेलता है । (d) रानी को मत मारो ।

**79.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण नहीं है ?
(a) करीम जीवन भर पूरा सुख भोगता रहा । (b) एक मीटर कपड़े से काम चल जाएगा ।
(c) मुझे दो सेर गुड़ दे दो । (d) मेरा घर इसी शहर में है ।

**80.** निम्नलिखित में से किस वाक्य में संख्यावाचक विशेषण नहीं है ?
(a) तीसरा आदमी कहाँ गया ? (b) सभागार में बहुत दर्शक थे ।
(c) वे दोनों स्कूल गए । (d) यहाँ हर एक आदमी ईमानदार है ।

**81.** ‘शिव’ से निर्मित विशेषण शब्द है :
(a) शैव (b) शंकर (c) भोलेनाथ (d) कैलाशपति

82. निम्नलिखित में से 'महाप्राण' ध्वनि नहीं है :
(a) ख (b) झ (c) फ (d) च

83. निम्नलिखित में से हिन्दी में आगत ध्वनि कौन सी है ?
(a) ओ (b) ऑ (c) ऊ (d) ण

84. इनमें से अन्तस्थ वर्ण कौन सा नहीं है ?
(a) ह (b) य (c) र (d) व

85. निम्नलिखित में से कौन से ऊष्म व्यंजन हैं ?
(a) त, थ, द, न (b) क, ख, ग, घ (c) श, ष, स, ह (d) य, र, ल, व

86. 'ऋ' वर्ण का उच्चारण–स्थान है
(a) मूर्धा (b) तालु (c) ओष्ठ्य (d) दंत्योष्ठ्य

87. निम्नलिखित में से 'उत्क्षिप्त' व्यंजन कौन सा है ?
(a) य (b) ढ़ (c) व (d) न

88. निम्नलिखित में से कौन सा व्यंजन अघोष नहीं है ?
(a) त (b) प (c) झ (d) ट

89. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण दंत्योष्ठ्य है ?
(a) ए (b) ओ (c) व (d) क

90. निम्नलिखित में से अल्पप्राण ध्वनि है :
(a) ग (b) ख (c) घ (d) ध

91. निम्नलिखित में से कौन ओष्ठ्य ध्वनि नहीं है ?
(a) प (b) फ (c) म (d) झ

92. निम्नलिखित में से 'तालुवर्त्स्य' वर्ण है :
(a) च् (b) क् (c) ट् (d) न्

93. निम्नलिखित में से संयुक्त स्वर है :
(a) अ (b) ओ (c) इ (d) उ

94. निम्नलिखित में से द्विगुण व्यंजन है :
(a) क्ष (b) ष (c) ब (d) ड़

95. वर्णमाला का 'क' वर्ग इनमें से किसके अंतर्गत आता है ?
(a) तालव्य (b) दंत्य (c) कंठ्य (d) ओष्ठ्य

96. निम्नलिखित में से कौन सा संयुक्त व्यंजन नहीं है ?
(a) क्ष (b) झ (c) त्र (d) ज्ञ

97. 'यौवन' किस प्रकार का शब्द है ?
(a) तत्सम (b) तद्भव (c) देशज (d) विदेशी

98. 'पंख' इनमें से किस प्रकार का शब्द है ?
(a) विदेशी (b) देशज (c) तत्सम (d) तद्भव

99. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है :
(a) रुक्ष (b) पर्ण (c) मयंद (d) आनन

100. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द विदेशी भाषा का नहीं है ?
(a) चाकू (b) फुनगी (c) कैंची (d) पटाखा

## रफ कार्य के लिए जगह